आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 05.06.2025** **समय : 07.10pm**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री कल जम्मूकश्मीर में उधमपुर–श्रीनगर–बारामुला रेल परियोजना करेंगे देश को समर्पित।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम योग संगम के लिए अब तक तीस हजार से ज्यादा संगठनों ने किया पंजीयन।
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में **स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट** का किया शुभारंभ।

**अब समाचार विस्तार से........**

**पीएम- जम्मू-कश्मीर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान राष्ट्र को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल परियोजना समर्पित करेंगे। इस दो सौ 72 किलोमीटर की परियोजना का निर्माण लगभग 44 हजार करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह परियोजना पूरी तरह से विद्युतीकृत रेलखंड है और इसमें 36 सुरंगों और नौ सौ 43 पुल शामिल हैं। इस परियोजना के अन्तर्गत चेनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज और भारत का पहला केबल-आधारित रेल ब्रिज हैं।

प्रधानमंत्री इस दौरान दो वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों का झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। एक रेलगाडी श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर और दूसरी श्रीनगर से कटरा तक चलेगी। श्री मोदी कटरा में तीन सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की श्री माता वैश्नो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस की भी आधारशिला रखेंगे।

**पीएम-सिंदूर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण साहस और देशभक्ति का परिचय देने वाली गुजरात के कच्छ की वीर माताओं और बहनों ने उपहार में दिया था। गुजरात की अपनी हाल की यात्रा को याद करते

हुए श्री मोदी ने कहा कि सिंदूर का पौधा देश की नारी शक्ति की बहादुरी और प्रेरणा का एक मजबूत प्रतीक बना रहेगा।

**विश्व पर्यावरण दिवस**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहडोल जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई। निवाड़ी जिले में पौधारोपण का कार्यक्रम पुलिस बल निवाड़ी द्वारा नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कंट्रोल रूम परिसर में किया गया। छतरपुर जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शहर के पडित . देशराज पटेरिया पार्क में पौधारोपण किया। अशोकनगर में साइकिल रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खंडवा जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस, स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यावन में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सिंगरौली नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर मनाया गया।

**विकसित कृषि संकल्प यात्रा**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विकसित कृषि संकल्प अभियान के 8वें दिन पंजाब के किसानों से संवाद किया। पटियाला के राजपुरा में आयोजित किसान चौपाल में श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान के तहत वैज्ञानिक खेतों में जाकर किसानों की मिट्टी या पर्यावरण संबंधी समस्याओं को सुन रहे हैं और उन्हें बता रहे हैं कि संबंधित कृषि जलवायु क्षेत्र के तहत कौन-सी फसल उनके लिए बेहतर है। उन्होंने कहा कि ---

**योग समागम**

देशभर के 30 हज़ार से ज़्यादा संगठनों ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम **योग संगम-2025** में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इस वर्ष का योग संगम पारंपरिक योग अभ्यास से आगे बढ़कर सचेतन, लचीलापन और सद्भाव को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रव्यापी पहल का रूप ले रहा है। **इसका आयोजन** आयुष मंत्रालय कर रहा है। इस वर्ष योग दिवस की थीम, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। आयुष मंत्रालय ने समर्पित पोर्टल- yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam-लॉन्च किया है, जहां संगठन अपने कार्यक्रमों को पंजीकृत कर सकते हैं, 21 जून को योग सत्र आयोजित कर सकते हैं और आधिकारिक प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भागीदारी डेटा अपलोड कर सकते हैं।

**विशेष फीचर- सरकार के 11 वर्ष**

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज हम कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जो भारत की अमृत पीढी - युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

**सरकार के 11 वर्ष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोगों को गरीबी से उबारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। लोगों के सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर उठाए कदमों के बारे में भी बताया। **केंद्र में मोदी सरकार ने सुशासन और गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देते हुए गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं।**

**मुख्यमंत्री-उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का आज शुभारंभ किया। इस समिट में वेलनेस, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट में करीब 800 से ज्यादा निवेशकों ने हिस्सा लिया। डॉ. यादव ने वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए खुले दिल से आमंत्रित किया और राज्य की अनुकूल निवेश नीतियों पर प्रकाश डाला।

**समाचार संक्षेप में**.......

- प्रदेश में शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बीएड एवं एमएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल सभी संवर्ग के शासकीय सेवारत शिक्षक ही पात्र हैं।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग-एनएचआरसी ने आज प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। मामला भिंड जिले में पुलिस द्वारा दो पत्रकारों पर कथित हमले से जुड़ा है।

- सागर जिले में डॉक्टर हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय और महार रेजिमेंट के बीच हुए एमओयू के तहत 822 अग्निवीरों ने पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है।
- श्योपुर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज विजयपुर विजयपुर में गंगा दशहरे पर 114 जोडों का विवाह संपन्न हुआ।
- देवास, जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत करौंदिया में चंद्रकेश्वर नदी के उद्गम स्थल पर श्रमदान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- ग्वालियर में मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग सिंधिया कप के लिए भोपाल लेपर्डस की टीम की घोषणा के साथ टीम की जर्सी का अनावरण किया गया।

.........................